# नियमों को ताक पर रखने वालों पर कड़ी कार्रवाई

## पटेरा पुलिस ने वाहनों की चैकिंग की

**नवभारत,पटेरा/दमोह. यातायात नियमों का उल्लंघन कर लापरवाही से वाहन चलाने वालों पर पटेरा पुलिस ने शिकंजा कस दिया है.थाना प्रभारी के निर्देशन में पटेरा थाना के ठीक सामने मुख्य मार्ग पर एक विशेष सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया.इस अभियान का मुख्य उद्देश्य सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करना और नियमों की अवहेलना करने वालों पर कठोर दंडात्मक कार्रवाई करना था.**



### 12 चालान काटे, 5200 समन शुल्क वसूल

पुलिस टीम ने सड़क से गुजर रहे दोपहिया और (चार पहिया) वाहनों को रोककर एक-एक कर उनकी गहन जांच की.इस दौरान, विशेष रूप से हेलमेट न पहनने वाले दुपहिया वाहन चालकों और सीट बेल्ट न लगाने वाले कार सवारों पर ध्यान केंद्रित किया गया.इसके अलावा, चेकिंग में कई ऐसे वाहन चालकों पर चालानी कार्रवाई की गई जिनके पास वाहन से संबंधित आवश्यक कागजात (आरसी, ड्राइविंग लाइसेंस, और प्रदूषण प्रमाण पत्र) अधूरे थे या बिल्कुल भी नहीं थे.

इस अभियान के दौरान, नियमों का उल्लंघन करने वाले 12 लोगों का चालान काटा गया और उनसे 5200 (पांच हजार दो सौ रुपये) समन शुल्क के रूप में मौके पर ही वसूल किया गया.

### अभियान में शामिल पुलिस बल


जिन भी चालकों के वाहनों के कागजात अमान्य पाए गए, यातायात नियमों का उल्लंघन करते हुए पाया गया, या जिनके पास वैध ड्राइविंग लाइसेंस नहीं था, उन सभी पर तत्काल चालानी कार्रवाई की गई.पुलिस ने मौके पर ही मोटर व्हीकल एक्ट के तहत जुर्माना वसूल किया.एएसआई: दिलीप प्रधान आरक्षक: 558 पूरनलाल आरक्षक: इंद्रजीत, बालमुकुंद, सुरेश, राघवेंद्र, ब्रजेश, अनिल एनआरएस: नीतेश महिला आरक्षक: रानी पुलिस ने स्पष्ट किया कि यह कार्रवाई नियमित रूप से जारी रहेगी. उन्होंने आम जनता से यातायात नियमों का पालन करने की अपील की है, ताकि दुर्घटनाओं से बचा जा सके और सुरक्षित सफ़र सुनिश्चित हो सके. पुलिस की इस पहल से सड़क पर अनुशासन बनाए रखने में मदद मिलेगी और अवैध एवं बिना कागजात के चलने वाले वाहनों पर प्रभावी रोक लगेगी.

# श्रीकृष्ण का धूमधाम से हुआ विवाह

## कथा वाचक ने श्रीकृष्ण का मथुरा जाने का प्रसंग सुनाया

**कुम्हारी नवभारत 30 नवंबर। भागवत कथा में भगवान कृष्ण जन्म, कथा वाचक पंडित मनोज मिश्रा के सानिध्य मे विश्कर्मा परिवार के सौजन्य से कथा का आयोजन चल रहा है। छठवे दिन की कथा महारास लीला कथावाचक व्यास पीठ से महारास के पंच अध्यायों का वर्णन करते हैं, जिसमें बांसुरी की धुन पर गोपियों संग भगवान का रास और जीवात्मा का परमात्मा से मिलन समझाया जाता है। मथुरा गमन और कंस वध, श्रीकृष्ण का मथुरा जाने का प्रसंग सुनाया जाता है, जब सभी गोपियां उन्हें रोकने का प्रयास करती हैं।**

इसके बाद, कंस के वध और महर्षि संदीपनी के आश्रम में विद्या ग्रहण करने की कथा का वर्णन होता है।



बारात और अन्य विवाह के प्रसंगों का विस्तृत वर्णन कथा के दौरान भगवान श्रीकृष्ण और रुक्मिणी के विवाह का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें बारात और अन्य विवाह के प्रसंगों का विस्तृत वर्णन और झांकियां प्रस्तुत की गईं। उद्धव को गोपियों को संदेश देने के लिए भेजने और उनके बीच हुए संवाद का वर्णन भी किया जाता है, जिसमें उद्धव को गोपियों को गुरु बनाए जाने का प्रसंग भी शामिल होता है।

# गांव-गांव यात्रा को मिल रहा समर्थन

## अनाथ किसान यात्रा का दूसरा दिन



**नवभारत,दमोह.** जिले की जबेरा विधानसभा से अनाथ किसान यात्रा निकाली जा रही है.किसान अपनी पांच सूत्रीय मांगों को लेकर खर्राघाट से दमोह के लिए पैदल दंडवत जा रहे है. किसानों की मांग है कि धान की खरीदी 3100 प्रति क्विंटल की जाए, मक्का का समर्थन मूल्य 2500 प्रति क्विंटल हो, मंडियों के चुनाव कराए जाए, किसानों को दिन में बिजली दी जाए, खाद का वितरण सरकारी उचित मूल्य दुकानों पर किया जाए.अनाथ किसान यात्रा निकाल रहे कवि चन्द्रभान लोधी ने कहा कि आज तो हम लोग सिर्फदमोह तक ही जा रहे है लेकिन यदि हमारी मांगे नहीं मानी तो फिर दिल्ली तक कूच कर सकते है. हमारी मांगे वाजिब है सरकार ने जो किसानों से वादा किया था सिर्फवही करने को कह रहे है.मंडी चुनाव करीब 15 सालों से नहीं हुए जिस वजह से मंडियों में व्यापारियों की मनमानी चल रही है, इसलिए जल्दी मंडी चुनाव कराए जाए.अनाथ किसान यात्रा का स्वागत करते हुए कांग्रेस जिलाध्यक्ष अमर सिंह लोधी ने स्पष्ट कहा कि यदि सरकार मक्का को समर्थन मूल्य पर नहीं खरीदती तो किसान पूरे भारत में आंदोलन करगे.दूसरे दिन की यात्रा का पड़ाव जोरतला गांव में रहेगा और 2 दिसंबर को यह यात्रा दमोह पहुंचेगी जहां हजारों की संख्या में किसान इकट्ठा होकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपेंगे. आज की यात्रा में अर्थखेड़ा, राजा पटना, बढ़याऊ, जोरतला इत्यादि गांवों में जनसभा के माध्यम से किसानों के सामने बात भी रखी गई.यात्रा में प्रमुख रूप से कवि चंद्रभान सिंह लोधी, भगवत सिंह लोधी, रज्जू सिंह, अमर सिंह, राजा अरविंद सिंह, राहुल सिंह, शिवराज सिंह, गोविंद सिंह,भोजराज सिंह, संजू बाबाजी, अजय सिंह, देवेंद्र सिंह सरपंच, पुष्पेंद्र लोधी, देवी सिंह, अभिमन्यु सिंह सहित सैकड़ों किसान रहें.



## साइबर सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम

**नवभारत, दमोह.** साइबर सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम दमोह शहर के एकलव्य विश्वविद्यालय दमोह में आयोजित किया गया. लगातार दमोह पुलिस अधीक्षक श्रुत कीर्ति सोमवंशी के निर्देशों में साइबर सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है.जिसमें अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुजीत सिंह भदोरिया सीएसपी एचआर पांडे, थाना प्रभारी रचना मिश्रा,साइबर सेल से सौरभ टंडन,राकेश अठिया ने साइबर संबंधित विद्यार्थियों के बीच संवाद किया, साथ ही नशा के विरुद्ध शपथ दिलाई गई.

# तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम की समीक्षा व प्रशिक्षण बैठक

## सामुदायिक स्तर पर सख्त रोकथाम और जागरूकता बेहद आवश्यक है

**नवभारत, दमोह. कलेक्टर दमोह व मुख्य चिकित्सा व स्वास्थ्य अधिकारी (सीएमएचओ) दमोह के निर्देशानुसार जिला चिकित्सालय दमोह में तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक व प्रशिक्षण सत्र आयोजित किया गया.इस कार्यक्रम का उद्देश्य जिले में बढ़ते तंबाकू सेवन को रोकना, जन-जागरूकता को बढ़ाना तथा विभिन्न विभागों के समन्वय से प्रभावी कार्ययोजना तैयार करना था.**

बैठक में तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ. राघवेंद्र चौधरी, आईएमओ जिला चिकित्सालय दमोह डॉ. मनीष संगतानी, सहायक नोडल अधिकारी नरेश राठौर, मेडिकल ऑफिसर तेजगढ़, प्रियंका शर्मा (शिक्षा विभाग) तथा पुलिस विभाग, नगर पालिका व ब्लॉक



स्तर से उपस्थित मेडिकल ऑफिसर्स शामिल हुए. इसके अतिरिक्त राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम (आरकेएसके) के परामर्शदाताओं की भी महत्वपूर्ण उपस्थिति रही.कार्यक्रम में सभी प्रतिभागियों को जिले में तंबाकू उपयोग की वर्तमान स्थिति, इससे होने वाले स्वास्थ्य दुष्प्रभाव, किशोरों में बढ़ते उपयोग के जोखिम तथा रोकथाम से संबंधित नवीन दिशा-निर्देशों की जानकारी दी गई. विशेषज्ञों ने बताया कि तंबाकू सेवन से कैंसर, दिल, फेफड़ों और मुंह के गंभीर रोग तेजी से बढ़ रहे हैं, इसलिए सामुदायिक स्तर पर सख्त रोकथाम और जागरूकता बेहद आवश्यक है.

## श्रमदान कर 80 बोरी का बंधान किया गया

**नवभारत,दमोह.** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद जिला दमोह के मार्गदर्शन में नवांकुर संस्था नेहरू युवा नव जागृति नव युवक मंडल समिति बांसा कलां और ग्राम पंचायत बांसा कलां के संयुक्त तत्वावधान में जल संचय अभियान के अंतर्गत ग्राम बांसा कलां के गुलाबवारी सेर रतुआ नाला में श्रमदान कर 80 बोरी का बंधान किया गया इस अवसर पर मुख्य रूप से जिला पंचायत उपाध्यक्ष डॉ मंजू धर्मेन्द्र कटारे, ग्राम पंचायत बांसा कलां के सरपंच यतेन्द्र सिंह बांकड़ा, सचिव असगर खान, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्राचार्य प्रशांत जैन,संस्था के अध्यक्ष घनश्याम पटेल,सेवक प्रजापति, धरातल जनकल्याण विकास समिति पथरिया से बसंत पटेल, जन अभियान परिषद के परामर्शदाता दिलीप कुमार पटेल, जीवन यादव,पुष्पा दुबे, दर्शिका तिवारी, अमरदीप जन जागरण विकास समिति उपस्थित रहें।

## एक नजर में

### गैसाबाद थाना प्रभारी प्रियंका पटेल ने संभाला कार्यभार




**नवभारत,दमोह.** पुलिस अधीक्षक श्री सोमवंशी ने शनिवार शाम को सूची जारी कर महिला थाने में पदस्थ सब इंस्पेक्टर प्रियंका पटेल को थाना गैसाबाद की कमान सौंपी है.वहीं थाना प्रभारी गैसाबाद सब इंस्पेक्टर प्रीति पांडे,रक्षित केंद्र और सब इंस्पेक्टर विक्रम दांगी को देहात थाने में पदस्थ किया गया. रविवार को नवागत गैसाबाद थाना प्रभारी प्रियंका पटेल ने कार्यभार संभालकर कहा कि अपराध पर लगाम लगाने की पूरी कोशिश रहेगी.

### बनवार ग्राम में नेत्र शिविर का आयोजन



**नवभारत,दमोह।** बुंदेलखंड नवनिर्माण संगठन व युवा जन जागृति मंच के तत्वाधान में जिला मुख्यालय से 70 कि.मी. बनवार ग्राम मे नेत्र शिविर का दमोह के एन.के. नेत्र चिकित्सालय, दमोह के वरिष्ठ नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. मयंक प्यासी व डॉ. बहादुर सिंह ठाकुर द्वारा नि:शुल्क स्वास्थ्य सेवा शिविर का सफल आयोजन किया गया इस शिविर में लगभग 75 मरीजों की नि:शुल्क नेत्र जांच की गई, जिनमें से 15 मरीजों का चयन मोतियाबिंद ऑपरेशन हेतु किया गया। साथ ही, डॉ. बहादुर सिंह ठाकुर द्वारा लगभग 65 मरीजों को विभिन्न स्वास्थ्य समस्याओं के संबंध में परामर्श व उपचार प्रदान किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सजल श्रीपाल,जतिन शर्मा, डॉ.योगेश पटेल तथा कुलदीप पटेल का विशेष योगदान रहा। ग्राम बनवार में आयोजित इस स्वास्थ्य शिविर ने स्थानीय ग्रामीणों को महत्वपूर्ण स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराईं।



### श्रद्धांजलि सभा में शामिल हुए पशुपालन दूध डेयरी विभाग राज्यमंत्री

**नवभारत,दमोह.** प्रदेश मीडिया प्रभारी कुंवर सुनील शाह ऐडाली उप सरपंच (ग्राम पंचायत समदई) ने जानकारी देते हुए बताया है कि गोंड समाज महासभा युवा प्रकोष्ठ जिला मीडिया प्रभारी तिरु शिवम सिंह राठिया के लिंगोवासी दादा जी के गंगा पूजन देवांजलि पर निज निवास लड़नबाग में शामिल हुए .मप्र सरकार में राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार लखन पटेल के प्रतिनिधि स्वरूप में उनके बड़े भाई पूर्व जनपद अध्यक्ष तिरु .अशोक पटेल, मामा पूर्व डीपीसी राजेन्द्र पटेल, शामिल होकर अपने श्रद्धा सुमन अर्पित कर दुखित परिवार को अपनी ओर से सांत्वना संबल प्रदान किया और दादा के छाया चित्र पर माल्यार्पण करके श्रद्धांजलि दी .इस अवसर गोंड समाज महासभा युवा प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष तिरु अनरत सिंह ऐडाली, विधि प्रकोष्ठ सीताराम सिंह कुलस्ते, श्यामसुंदर धुर्वे जिला उपाध्यक्ष, जिला सचिव महेंद्र सिंह मरकाम,जिला सलाहकार झलकन सिंह रहें.

# सेम ग्लोबल यूनिवर्सिटी भोपाल का प्रथम दीक्षांत समारोह, शिवराज सिंह हुए शामिल



**नवभारत,दमोह.** सेम ग्लोबल यूनिवर्सिटी, भोपाल के प्रथम दीक्षांत समारोह में केन्द्रीय कृषि व किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने डॉ.शरद कुमार मेहता को स्नातक स्तर के विद्यार्थियों की परंपरागत शिक्षा और आनलाइन शिक्षा के माध्यम से उनकी शैक्षिक उपलब्धि, सृजनात्मकता और समायोजन का तुलनात्मक अध्ययन विषय पर पी.एच.डी. की उपाधि प्रदान करी। विश्वविद्यालय के भव्य आडिटोरियम में आयोजित गरिमामय दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित शिवराज सिंह चौहान ने सभी पी.एच.डी. शोधार्थियों को उपाधि प्रदान की तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।



# जेपीएल जैन प्रीमियर लीग रात्रि कालीन क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन


**नवभारत,दमोह।** शहर के इतिहास में पहली बार आईपीएल की तर्ज पर जेपीएल जैन प्रीमियर लीग रात्रि कालीन क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन स्थानीय शिवनगर स्थित एस्ट्रो ट्रक मैदान पर किया जा रहा है। आठ-आठ ओवर के क्रिकेट मैच वाली इस लीग में 16 टीमों ने भाग लेकर शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के सेमीफाइनल मुकाबले में दमोह विधायक और पूर्व वित्त मंत्री जयंत मलैया ने मैदान पर पहुंचकर खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन किया उन्होंने खिलाड़ियों से परिचय दिया तथा आयोजन समिति की ओर से उनका स्वागत सम्मान किया गया। इस अवसर पर खेले गए सेमीफाइनल मुकाबले में जीत दर्ज करके वासा वॉरियर ने जीफसी टीम को तथा महावीर क्रिकेट क्लब ने जैन स्टॉर्म को मात देकर फाइनल में जगह बनाई। इस अवसर पर आयोजन समिति की ओर से अंकित जैन (अप्पू भैया खजरी),राहुल जैन (यूनियन बैंक), प्रवीण जैन, राहुल गांगरा, नितिन मोदी रहें।

# गीता केवल ग्रंथ नहीं, मानव जीवन की जटिल समस्याओं का समाधान है : राज्यमंत्री

## कुरुक्षेत्र, हरियाणा में अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव में किया संबोधित

**नवभारत,दमोह।** धर्मक्षेत्र कुरुक्षेत्र की पावन धरा पर आयोजित 'अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव' में मध्यप्रदेश की आध्यात्मिक और सांस्कृतिक चेतना की गूंज सुनाई दी। केंद्रीय मंत्री मनोहरलाल खट्टर, उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और परमपूज्य स्वामी अवधेशानंद गिरि जी सहित देश के मूर्धन्य संतों की उपस्थिति में श्री लोधी ने गीता के मर्म पर प्रकाश डाला। महोत्सव के मुख्य मंच से संस्कृति, पर्यटन और धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मेंद्र भाव सिंह लोधी ने श्रीमद्भगवद्गीता को संपूर्ण मानव जाति का सर्वश्रेष्ठ ग्रंथ और जीवन दर्शन का आधार बताया।

जीवन एक महायुद्ध, गीता सिखाती है स्थित प्रज्ञता अपने सारगर्भित



संबोधन में राज्य मंत्री श्री लोधी ने कहा कि कुरुक्षेत्र वह पवित्र भूमि है, जहाँ भगवान श्रीकृष्ण ने अर्जुन के अंतर्मन के द्वंद्व को ज्ञान के प्रकाश से हर लिया था। उन्होंने जीवन को परिभाषित करते हुए कहा, जीवन स्वयं एक महायुद्ध हैकृधर्म और अधर्म का, कर्तव्य और मोह का। गीता हमें सिखाती है कि संघर्षों के बीच भी मन को कैसे स्थिर और संतुलित रखा जाए। यही 'स्थितप्रज्ञता' है और यही मनुष्य का परम पुरुषार्थ है।

## मुस्कान अभियान — महिला हेल्पलाईन /चाइल्ड/साईबर/पुलिस हेल्पलाईन नंबर की जानकारी दी गई

# पुलिस द्वारा चलाया गया जागरुकता कार्यक्रम

**नवभारत,दमोह.** पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देशानुसार संपूर्ण प्रदेश में संचालित मुस्कान अभियान के अंतर्गत, पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी के मार्गदर्शन व एएसपी सुजीत सिंह भदौरिया के निर्देशन में अनुविभागीय अधिकारी पथरिया सुश्री प्रिया सिंधी के नेतृत्व में चौकी बांदकपुर पुलिस द्वारा स्थानीय स्तर पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया.कार्यक्रम के दौरान थाना प्रभारी हिंडोरियाधर्मेन्द्र उपाध्याय, चौकी प्रभारी बांदकपुर राजेन्द्र मिश्रा ने अपने पुलिस स्टाफ व महिला सुरक्षा शाखा से, प्र. आर. मंजू टंडन, आर. क्रांति व सायवर सेल शाखा से प्र.आर. राकेश अठ्या के साथ शर्मा क्लासेस में व चौकी परिसर बांदकपुर में शिव




शिक्षा सदन हाई स्कूल बम्होरी के नाबालिग छात्र-छात्राओं को व शिक्षकों को मुस्कान अभियान के अंतर्गत नाबालिग बालक बालिकाओं के साथ घटित अपराधों व उनसे बचाव के उपायों के संबंध में जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया.कार्यक्रम में शर्मा क्लासेस के शिक्षक प्रकाश नारायण शर्मा, सुमित सेन, आनंद दुबे, नीतेश दुबे, रामकुमार बर्मन व शिव शिक्षा सदन हाई स्कूल बम्होरी के संचालक शिवम दुबे, प्राचार्य धर्मेन्द्र नामदेव एवं शिक्षक गोविंद शर्मा आदि स्टाफ उपस्थित रहे.उपस्थित नाबालिग छात्र छात्राओं को म.प्र.पुलिस द्वारा वर्तमान में चलाये जा रहे मुस्कान अभियान के अंतर्गत घर से भाग जाने से होने वाली समस्याओं, सोशल साइट्स पर अनजान व्यक्तियों से बातचीत न करने व उनके प्रलोभन में आकर मिलने न जाने, पाक्सो एक्ट बालक व बालिकाओं के साथ घटित होने वाले अपराधों के संबंध में जागरुक किया एवं अपने फोटो वीडियो सोशल मीडिया पर किसी अनजान व्यक्ति के साथ शेयर नहीं करने हेतु जागरुक किया गया.समस्या आने पर बेहिचक अपने माता पिता शिक्षक शिक्षिकाओं व पुलिस में जाकर अपनी समस्या को अवगत करावें.साथ ही बाल विवाह, पाक्सो अधिनियम सोशल मीडिया पर अनुचित सामग्री साझा करने के के दुष्प् रिणाम व संबंधित कानूनी प्रावधानों के बारे में, साईबर क्राइम तथा साईबर फ्राड के संबंध में जागरुक किया गया व साथ ही महिला हेल्पलाईन /चाइल्ड/साईबर/पुलिस हेल्पलाईन नंबर की जानकारी दी गई. म.प्र.पुलिस द्वारा चलाये जा रहे मुस्कान अभियान समाज में नाबालिग बालक व बालिकाओं को सुरक्षा, संवेदनशीलता और आत्मविश्वास के प्रति जागरूकता बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम सिद्ध हुआ.

# कुएं में गिरने से वृद्ध की मौत



**कुम्हारी नवभारत 3 नवंबर।** पटना पंचायत गाता गांव के रामचरण पटेल का कुएं में गिरने के कारण निधन हो गया है। घटना की सूचना कुम्हारी पुलिस को दी गई। घटना स्थल पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा कार्यवाही की। इसके बाद पुलिस जांच में जुट गई।